क्रम सं0	मंत्रालय/विभाग का नाम	उस भवन का नाम जहां सूचना-सूविधा काउंटर स्थापित किया गया है
35.	लघु उद्योग तथा कृषि एवं ग्रामीण उद्योग विभाग	
36.	सम्पदा निदेशालय	
37.	केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग	
38.	भूमि एवं विकास कार्यालय	
39.	शहरी रोजगार तथा गरीबी उन्मूलन विभाग	
40.	डाक विभाग	डाक भवन
41.	नागर विमानन मंत्रालय	राजीव गांधी भवन
		सफदरजंग हवाई अड्डा
42.	संघ लोक सेवा आयोग	धौलपुर हाऊस,
		शाहजहां रोड।
43.	पर्टन विभाग	परिवहन भवन ।

मंत्रालयों में भ्रष्टाचार विरोधी प्रकोष्ठ

1748. श्री दिलीप सिंह जूदेवः क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने सभी मंत्रालयों में भ्रष्टाचार विरोधी प्रकोष्ठ की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकोष्ठ की भूमिका और कार्य क्या है;

(ग) क्या यह प्रकोष्ठ आम आदमियों द्वारा सरकारी कर्मचारियों और विशिष्ट व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की रिपोर्ट दर्ज़ कर रहा है;

(घ) क्या आम आदमी द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए कोई संस्थागत तन्त्र है; और

(ड) मंत्रालय-वार आज तक इस प्रकोष्ठ को कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा वित्त (बैंकि, राजस्व और बीमा) मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर0 जनार्दन) (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठते।

(घ) और (ड) मंत्रालयों/ विभागों के सचिव और अध्यक्ष अपने-अपने मंत्रालयों ? विभागों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होते है। सभी मंत्रालयों / विभागों में अपने-अपने अंशकालिक मुख्य सतर्कता-अधिकारी होते है जिनसे यह अपेक्षित होता है कि वे अपने-अपने मंत्रालय/ विभाग में प्राप्त भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के संबंध में नियमानुसार आगे कार्रवाई करने के सिलसिले में मामले की समुचित जांच-पड़ताल, करें। चूंकि यह कार्य प्रत्येक मंत्रालय/

विभाग में स्थापित नियमों और प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है अतः यह केन्द्रीकृत रूप से मॉनीटर किया जाना अपेक्षित नहीं है।

आई0ए0एस/आई0पी0एस0 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप

1749. श्री जनार्दन यादवः क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय प्रशासनिक सेवा के अन्तर्गत नियुक्त किए गए कितने आई0ए0एस/आई0पी0एस0 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच चल रही है; और